क्रमांक: प.118( )लेखा/ई–निविदा/2020–2021/ दिनांक

ई–निविदा प्रपत्र 4/2020–21

(तकनीकी प्रस्ताव)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में अकुशल, अर्द्धकुशल एवं कुशल कार्मिकों की आपूर्ति हेतु निविदा।

1. बोलीदाता/संवेदक का नाम, डाक का पता व टेलीफोन/मोबाईल नम्बर

   .....

   .....

2. किसको सम्बोधित किया –कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर।
3. सन्दर्भ : आपकी ई–निविदा सूचना कमांक 4/2020–21
4. हम कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर द्वारा जारी की गई निविदा सूचना दिनांक 03.03.2021 में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न शीट में दी गई उक्त ई–निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किए जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं।
5. बोलीदाता/संवेदक द्वारा विभिन्न पंजीकरण इत्यादि का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया जावेगा :–

क.स.	विवरण	रजि0 सं0	वर्ष	पंजीकरण दिनांक	संलग्नक कमांक
1	राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970				
2	कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952				
3	कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948				
4	वस्तु एवं सेवाकर (GST)				
5	आयकर (पैन नम्बर)				
6	राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 या इन्डियन पार्टनरशिप एक्ट, 1932 के अन्तर्गत या इन्डियन कम्पनी एक्ट, 1956 के अन्तर्गत				

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

6. पंजीकृत प्लेसमेंट एजेन्सी को कम से कम तीन वर्षों का राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/सरकारी प्रतिष्ठानों/निगमों/कॉर्पोरेशन/स्वायत्तशाषी निकायों में कार्मिक उपलब्ध कराने का अनुभव का प्रमाण–पत्र।
7. एजेन्सी अपने संविधान की प्रति जिसमें एजेन्सी के मूलभूत उद्देश्य/लक्ष्य अंकित हो निविदा के साथ संलग्न करें। (यदि हो तो संलग्न करें)
8. फर्म का टर्न ओवर 15 लाख रूपये पिछले तीन वर्षो का औसत तथा तीन वर्ष की सनदी लेखाकार की अंकेक्षण रिपोर्ट जिसमें फर्म की वित्तीय स्थिति के प्रपत्र संलग्न हो, को प्रस्तुत करना होगा।
9. फर्म द्वारा गत तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक वर्ष में कम से कम 7.5 लाख रूपये का एकल कार्य संपादन का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. ब्लैक लिस्ट नहीं होने का शपथ –पत्र (100 रूपये के नॉनजूडिशियल स्टाम्प पर)
11. तकनीकी कार्य करने हेतु कुशलता के स्तर के अनुसार अनुभवी कार्मिक उपलब्ध कराने का शपथ पत्र 100/– नॉनजूडिशियल स्टाम्प पर (ANNEXURE- B)
12. बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक संख्या .....दिनांक.....जो ....(बैंक का नाम) पर आहरित किया गया है, रूपये 30000/–.के लिए अमानत राशि के पेटे संलग्न है।
13. बैंक ड्राफ्ट सं0 .....दिनांक .....राशि 1000/– जो कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर (निविदा शुल्क)
14. बैंक ड्राफ्ट सं0 .....दिनांक .....राशि 500/– जो MD RISL, Jaipur के नाम वास्ते (प्रोसेसिंग फीस)

निविदादाता के हस्ताक्षर

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

(सीकर–झुंझुनू स्टेट हाईवे, कटराथल, सीकर–332024)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांक: प.118( )लेखा/ई–निविदा/2020–2021/ दिनांक

ई–निविदा प्रपत्र 4/2020–21

(वित्तीय प्रस्ताव)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में अकुशल, अर्द्धकुशल, एवं कुशल कार्मिकों की आपूर्ति हेतु निविदा।

कुलसचिव
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,
सीकर

विषयः– अकुशल, अर्द्धकुशल एवं कुशल कार्मिकों की आपूर्ति हेतु वित्तीय प्रस्ताव।

महोदय,

आपकी ई निविदा दिनांक 03.03.2021.के क्रम में चाहे अनुसार अकुशल, अर्द्धकुशल एवं कुशल कार्मिकों की आपूर्ति हेतु संविदा दरें निम्न प्रकार प्रस्तुत है :–

क.स.	कार्य की प्रकृति	कार्य हेतु आवश्यक मानव संसाधन की अनुमानित संख्या	श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी	सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत प्रति व्यक्ति दर प्रति दिन	E.P.F. दर 13. प्रतिशत	E.S.I. दर 3. 25 प्रतिशत (यदि लागू हो तो)	सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि	कुल राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	इलेक्ट्रिशियन	कुशल	249/– प्रतिदिन एवं 6474/– प्रतिमाह					
2	प्लम्बर	कुशल	249/– प्रतिदिन एवं 6474/– प्रतिमाह					
3	पुस्तक परिचर	अर्द्धकुशल	237/– प्रतिदिन एवं 6162/– प्रतिमाह					
4	रसोइया (कुक)	कुशल	249/– प्रतिदिन एवं 6474/– प्रतिमाह					
5	वेटर	अर्द्धकुशल	237/– प्रतिदिन एवं 6162/– प्रतिमाह					
6	उद्यान निरीक्षक	कुशल	249/– प्रतिदिन एवं 6474/– प्रतिमाह					

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

7	बागवान	अकुशल	225/– प्रतिदिन एवं 5850/– प्रतिमाह					
8	श्रमिक	अकुशल	225/– प्रतिदिन एवं 5850/– प्रतिमाह					

नोटः–उपरोक्त BOQ के अन्तर्गत निविदादाता को कॉलम संख्या 5 एवं 8 में राशि अंकित कर अपनी दर प्रस्तुत करनी है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

अकुशल, अर्द्धकुशल एवं कुशल कार्मिकों की आपूर्ति हेतु
निविदा नियम एवं शर्ते

टिप्पणी :– निविदाताओं को इन शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिये तथा अपनी निविदाएँ भेजते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिये।

1. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व संबंधित संवेदक का होगा।
2. श्रम विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ.5(6)न्यू.म./श्रम/2000पार्ट/7182 दिनांक 06.03.19 में अंकित शर्तें भी संवेदक पर लागू रहेगी। वित्त (G&T) विभाग एवं राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकः एफ.2(1)वित्त/एसपीएफसी/2017 जयपुर, दिनांक 30.04.2018 की पालना किया जाना आवश्यक होगा।
3. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ संबंधित उपापन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी।
4. यदि किसी उपापन संस्था को अंशकालिक (Part-time) मानव संसाधन की सेवाओं की 4 घण्टे से कम अवधि के लिये आवश्यकता हो तो ऐसी अंशकालिक सेवा का बोली दस्तावेजों में स्पष्ट उल्लेख करते हुये संबंधित उपापन संस्था द्वारा बिड संबंधी कार्यवाही की जावेगी। ऐसे अंशकालिक मानव संसाधन जिनकी सेवाएं 4 घण्टे से कम अवधि के लिए ली जायेंगी उन्हें उनकी सेवाओं के विरूद्ध न्यूनतम मजदूरी की गणना श्रम विभाग द्वारा समय–समय पर निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की 50 प्रतिशत राशि पर की जायेगी।
5. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातों में ही किया जायेगा। संबंधित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खातें में जमा करायी गयी राशि का विवरण संबंधित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जावेगा। श्रमिकों के बैंक खातों में जमा करायी गयी राशि के विवरण बाबत् उपापन संस्था की संतुष्टि होने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जावेगा।
6. श्रमिकों को निर्धारित मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्धि होने पर उपापन संस्था द्वारा संवेदक को बढी हुयी न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
7. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों को नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. जमा कराना होगा। जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में संबंधित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जावेगा।
8. संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवाकर (GST) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करों को जमा करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की ही होगी। संवेदक द्वारा गत माह में जमा कराये गये वस्तु एवं सेवाकर (GST) के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जावेगी। वस्तु एवं सेवाकर (GST) की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नहीं किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवाकर (GST) का भुगतान नहीं किया जावेगा। उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवाकर (GST) के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।
9. श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा।

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा दिशा–निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिए संवेदक स्वयं उत्तरदायी होगा।

10. यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिए उपापन का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।
11. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/सन्दर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई. करवाने/सामुहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिए उपापन संस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
12. यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किये जाने की शिकायत उपापन संस्था को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था इस संबंध में श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगी और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में संवेदक को Debar कराने की कार्यवाही करेगी।
13. प्रस्तावित दरें निविदा स्वीकृति की तिथि से एक वर्ष के लिए विधि मान्य होगी। नियत अवधि के बाद दोनो पक्षों की सहमति पर ही नियमानुसार अनुबन्ध को बढाया जा सकेगा।
14. निविदाएँ पृथक–पृथक अपलोड करनी होगी। प्रथम **तकनीकी प्रस्ताव** एवं द्वितीय **वित्तीय प्रस्ताव** पृथक–पृथक रूप से निविदाकार द्वारा अंकित किया जाना आवश्यक है। क्रय समिति द्वारा सर्वप्रथम तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जावेगा। उनमें वैध पाई गई निविदाओं के ही वित्तीय प्रस्ताव खोलकर मूल्यांकन किया जावेगा।
15. दरों में ई.एस.आई, ई.पी.एफ. एंव प्लेसमेंट एजेन्सी द्वारा लिया जाने वाला सर्विस चार्ज शामिल करते हुए दरें अंकित करें। राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा लिये जाने वाले जी.एस.टी. नियमानुसार पृथक से भुगतान किया जावेगा इनको दर में शामिल नहीं किया जावे।
16. प्लेसमेंट एजेन्सी का वस्तु एवं सेवा कर विभाग में जी एस टी रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है।
17. श्रमिको को विभाग द्वारा तय मजदूरी से कम दर देने पर निविदा स्वीकार नहीं होगी ।
18. राज्य सरकार द्वारा अनुबन्ध अवधि के दौरान कार्मिक/सेवायें उपलब्ध कराने की स्थिति में अनुबन्ध की सेवाओं को अनुबन्ध की अवधि के मध्य समाप्त किया जा सकेगा जिसका किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
19. पंजीकृत प्लेसमेंट एजेन्सी को कम से कम तीन वर्षों का राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/सरकारी प्रतिष्ठानों/निगमों/कॉर्पोरेशन/स्वायत्तशाषी निकायों में कार्मिकों उपलब्ध कराने का अनुभव होना आवश्यक है। इस हेतु एजेन्सी अनुभव प्रमाण–पत्र/आदेशों /अनुबधों की प्रतियां निविदा के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करें। इनके अभाव में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
20. एजेन्सी अपने संविधान की प्रति जिसमें एजेन्सी के मूलभूत उद्देश्य/लक्ष्य अंकित हो निविदा के साथ संलग्न करें।
21. फर्म का टर्न ओवर पिछले तीन वर्षो का औसत 15 लाख वित्तीय वर्ष 2017–18, 2018–19 एवं 2019–20 का तथा तीन वर्ष की सनदी लेखाकार की अंकेक्षण रिपोर्ट जिसमें फर्म की वित्तीय (Balance Sheet etc.)स्थिति के प्रपत्र संलग्न हो, को प्रस्तुत करना होगा।
22. फर्म द्वारा गत तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक वर्ष में कम से कम 7.5 लाख रूपये का एकल कार्य संपादन का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
23. निविदादाता द्वारा दी गयी अलाभप्रद निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। समान दर प्राप्त होने की स्थिति में टर्न ओवर, अनुभव एवं अन्य कारकों के आधार पर प्राथमिकता दी जावेगी।

भुगतान एवं शास्ती :–

24. विश्वविद्यालय द्वारा एजेन्सी को चैक द्वारा भुगतान किया जाएगा तथा एजेन्सी भी कार्मिकों को रेखाकिंत चैक द्वारा भुगतान करेगी, यह प्रमाण–पत्र निविदा के समय एजेन्सी द्वारा दिया जावे। प्रतिमाह एजेन्सी को धनराशि जारी करने से पूर्व गत माह कार्मिकों को जारी किए गए चैकों का विवरण एजेन्सी द्वारा प्रस्तुत करना होगा जिससे संतुष्ट होने पर कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर द्वारा अगली धनराशि का चैक जारी किया जाएगा। एजेन्सी द्वारा उपलब्ध करवाए गए कार्मिकों से किसी भी प्रकार की भुगतान से संबंधित शिकायत

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया जावेगा, इसके उपरान्त ही भविष्य में भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

25. एजेंसी को किये जाने वाले भुगतान में से नियमानुसार टी.डी.एस. एवं अन्य कटौतियॉ की जावेगी।
26. अनुमोदक प्रदायक के बारे में यह समझा जावेगा कि उसके द्वारा निविदा की शर्तें भलीभांति समझ ली गई हैं। यदि कोई संदेह हो तो कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से पूछताछ कर दूर करें।
27. निविदाकार निविदा स्वीकृति के बाद कार्य आदेश मिलने के एक सप्ताह में निर्धारित बताए गए स्थानों पर सेवायें उपलब्ध करा देगा। संविदा के अन्तर्गत कार्मिकों हेतु आदेश विश्वविद्यालय की आवश्यकता के अनुरूप समय–समय पर दिये जायेंगे। कार्मिकों की संख्या आवश्यकता के अनुरूप कम या अधिक हो सकेगी।
28. जिन कार्मिकों की सेवाओं को उपलब्ध कराया जावेगा उनकी समय पर उपस्थिति और कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक होने पर ही मानदेय का भुगतान किया जावेगा यह रिपोर्ट प्रतिमाह की अंतिम तिथि को संबंधित नियंत्रक अधिकारी द्वारा दी गई ही मान्य होगी।
29. कार्मिकों के विलम्ब से आने और निर्धारित समय पर काम नहीं करने एवं व्यवहार संतोषजनक नहीं होने पर कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर द्वारा एजेन्सी को सूचित किया जावेगा कि उसके स्थान पर अन्य कार्मिक उपलब्ध करावे अन्यथा एजेन्सी को देय राशि में से आनुपातिक रूप से कटौती की जावेगी। इसके साथ ही कार्मिक किसी भी प्रकार से अपना उत्तरदायित्व नहीं निभाता है एवं उसकी लापरवाही से कार्यालय को किसी भी प्रकार का कोई नुकसान होता है तो उसकी क्षतिपूर्ति एजेन्सी द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि अथवा उसकी जमा प्रतिभूति राशि में से हानि के अनुपात में राशि की कटौती की जावेगी।
30. निविदाकार निविदा की शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर स्वीकृति के प्रतीक के रूप में हस्ताक्षर करें। निविदादाता द्वारा अंकित अन्य शर्त मान्य नहीं होगी ।
31. सफल निविदाकार को निर्धारित प्रारूप में एक अनुबंध निष्पादित करना पड़ेगा और निविदा की यथावत क्रियान्विति के लिए संविदा की लागत का 5 प्रतिशत की दर से प्रतिभूति राशि 75,000/–रूपये डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी। अमानत राशि धरोहर राशि में समायोजित कर ली जावेगी जो अनुबंध की अवधि समाप्ति पश्चात् लौटा दी जावेगी। इस राशि पर विभाग द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा।
32. निविदा को स्वीकार करने में यह आवश्यक नहीं कि यह न्यूनतम हो। कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर को किसी भी निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा। समान दर की स्थिति में निविदा स्वीकार करते समय पूर्व कार्यानुभव/पूर्व में प्रदान की गई संतोष जनक सेवा प्रदाताओं को प्राथमिकता दी जावेगी।
33. निविदा की शर्तों का पालन न करने पर अनुबंध तुरंत समाप्त कर दिया जावेगा तथा भविष्य में आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में भाग लेने से रोक लिया जावेगा एवं उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वंय एजेन्सी का होगा।
34. संविदा के संबंध में उत्पन्न हुए सभी निविदा के निर्णय का अधिकार कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर के पास सुरक्षित होगा जिनका निर्णय ही अंतिम एवं मान्य होगा।
35. केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार द्वारा लागू किसी भी नियम/कानून आदि के तहत् न्यूनतम मजदूरी आदि का भुगतान तथा देय कर/शुल्क/पी.एफ./ई.एस.आई. आदि का भुगतान, यदि देय हों तो, सेवा प्रदाता एजेन्सी को करना होगा। विभाग द्वारा अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
36. जॉब वर्क हेतु लगाये गये कार्मिक को बदलने का अधिकार सेवा प्रदाता एजेन्सी का होगा किन्तु इसका पूर्व अनुमोदन विभाग से कराना होगा।
37. अनुबन्ध में वर्णित कार्य सुचारू व सन्तोषजनक रूप से पूरे न करने पर यदि आवश्यक समझा गया तो कार्य सेवा प्रदाता एजेन्सी के हर्ज–खर्च पर अन्य एजेन्सी/साधन से कार्य करवाया जायेगा तथा यदि इस व्यवस्था पर कोई अतिरिक्त व्यय विभाग को वहन करना पडा तो वह राशि सेवा प्रदाता एजेन्सी से वसूली योग्य होगी।
38. कार्य सन्तोषजनक न होने की स्थिति में विभाग को यह अधिकार होगा कि वह इस अनुबन्ध को किसी भी समय बिना पूर्व नोटिस के समाप्त कर दे।

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

39. सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराये कार्मिक के चरित्र एवं ईमानदारी की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सेवा प्रदाता एजेन्सी की होगी। यदि कार्मिक का कार्य सन्तोषप्रद नही होता है तो उसे बदलने की सूचना देने के 24 घण्टे में कार्मिक को बदलना होगा।

40. सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा लगाये गये कार्मिक को साफ–सुथरा रहना होगा तथा वह राज्य सरकार के नियमों के अनुसार भवन परिसर में धूम्रपान नही करेगा। कार्यालय–डयूटी पर किसी प्रकार का नशा आदि भी नही करेगा तथा ना ही करके आयेगा।

41. सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा लगाये गये कार्मिक का व्यक्तिगत विवरण (मय पासपोर्ट आकार का फोटो) विभाग के रिकॉर्ड हेतु ठेका प्रारम्भ करने से पूर्व विभागीय कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। कार्मिकों के तकनीकी एवं कुशलता के स्तर यथा अकुशल, अर्द्धकुशल एवं कुशल होने के प्रमाणन सम्बन्धी दस्तावेज भी ठेका प्रारम्भ या कार्यादेश जारी होने पर प्रस्तुत किये जाने आवश्यक है।

42. सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा उपलब्ध कार्मिक के अच्छे चरित्र की प्रमाणिकता देते हुये उनके स्थान एवं वर्तमान निवास की जानकारी समय–समय पर विभाग को देनी होगी।

43. वर्तमान में प्रभावी किसी भी राजकीय कानून/नियम आदि की पालना का पूर्ण दायित्व सेवा प्रदाता एजेन्सी का होगा।

44. निविदा स्वीकृत होने के अन्दर सात दिवस में 500/– रू0 **राशि के नॉन** ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। जिसका समस्त खर्चा सेवा प्रदाता ऐंजेसी को करना होगा। जमा सुरक्षा राशि सन्तोषजनक अनुबन्ध समाप्ति के बाद लौटाई जा सकेगी। जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

45. फर्म के संबंध में–

1. (अ) फर्म के गठन आदि में किसी भी परिवर्तन की सूचना क्रेता अधिकारी को लिखित में ठेकेदार द्वारा की जायेगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले सदस्य को मुक्त नहीं किया जाएगा।

   (2) संविदा के सम्बन्ध में फर्म में किसी भी नए भागीदार/भागीदारों को ठेकेदार द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि वे इसकी समस्त शर्तों को मानने के लिए बाध्य नहीं हो जाते एवं क्रेता अधिकारी को इस सम्बन्ध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नहीं कर देते। प्राप्ति स्वीकृति के लिए ठेकेदार को रसीद या बाद में उपरोक्त रूप में स्वीकार की गई किसी भागीदार की रसीद उन सबको बाध्य करेगी तथा वह संविदा के किसी प्रयोजन के लिए पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति (डिस्चार्ज) होगी।

46. ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी भी भाग को किसी अन्य ऐजेन्सी के लिए नहीं सौंपेगा या उप भाड़े (सब लैट) पर नहीं देगा।

47. सुपुर्दगी अवधि :– बिडदाता, जिसकी बिड स्वीकार की होगी उसे कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर से आदेश प्राप्त होने की तारीख से 7 दिन की अवधि के भीतर कर्मी उपलब्ध कराने होंगे।

48. बयाना राशि का समपहरण :– बयाना राशि को निम्नालिखित मामलों में समपहृत कर लिया जाएगा :

   (1) जब बिडदाता बाली खोलने के बाद किन्तु बिड को स्वीकार करने के पूर्व प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण करता है।

   (2) जब बिडदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित किसी करार को, यदि कोई हो, निष्पादित नहीं करता है।

   (3) जब बिडदाता प्रदायगी के लिए आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं करता है।

   (4) जब वह विहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार मदों को प्रदाय प्रारम्भ करने में असफल रहता है।

49. (1) करार एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति :–

   (1) सफल बिडदाता को निविदा स्वीकार किये जाने की सूचना प्राप्त होने से 7 दिन की अवधि के भीतर प्रारूप 17 में एक करार पत्र निष्पादित करना होगा तथा जिनके लिए बोलियां स्वीकार की गयी हैं, उनके वार्षिक मूल्य के 5 प्रतिशत के बराबर कार्य सम्पादन प्रतिभूति जमा करानी होगी। यह कार्य सम्पादन प्रतिभूति करार–पत्र निष्पादित करने से पूर्व जमा करानी होगी।

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

(2) बिड के समय जमा करायी गयी बयाना राशि को कार्य सम्पादन प्रतिभूति की राशि के लिए समायोजित किया जाएगा। कार्य सम्पादन प्रतिभूति की राशि किसी भी दशा में बयाना राशि से कम की नहीं होगी।

(3) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(4) प्रतिभूति निक्षेप का समर्पहरण :– प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपहृत किया जा सकेगा :–

(क) जब संविदा के किन्हीं निबन्धनों और शर्तों का उल्लघंन किया गया हो।

(ख) जब बिडदाता सम्पूर्ण प्रदाय सन्तोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।

(ग) प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।

(5)करार पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर स्टाम्प लगाने के व्यय का भुगतान बिडदाता द्वारा किया जाएगा तथा विभाग द्वारा उस करार की एक निष्पादित स्टाम्पशुदा प्रतिपड़त () बिडदाता को निःशुल्क दी जाएगी।

50. क्रेता अधिकारी किसी भी बिड को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की बिड नहीं है, स्वीकार करने, बिना कोई कारण बतलाये किसी भी बिड को रद्द करने या जिन कार्य/वस्तुओं के लिए बिडदाता ने बिड दी है। उन सब के लिए या किसी एक या अधिक के लिए बिड को स्वीकार करने या एक फर्म/प्रदायकर्ता से अधिक को सामान/कार्य की मदों में वितरित करने के अधिकार को अपने पास आरक्षित रखेगा।

51. बिडदाता करार को निष्पादित करते समय निम्नलिखित दस्ताबेज प्रस्तुत करेगा :–

(1) यदि भागीदारी फर्म हो तो भागीदारी विलेख (पार्टनरशिप डीड) की एक अनुप्रमाणित प्रति।

(2) यदि भागीदारी फर्म रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स के पास पंजीकृत हो तो पंजीयन संख्या एवं उसका वर्ष।

(3) एकल स्वामित्व के मामले में आवास एवं कार्यालय का पता, टेलीफोन नम्बर/मोबाईल नम्बर।

(4) कम्पनी के मामले में कम्पनी के रजिस्ट्रार के द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र।

52. यदि संविदा के निर्वचन आशय या संविदा की शर्तों के उल्लघंन के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो पक्षकारों द्वारा मामले को कुलपति, विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा। जो उस विवाद के लिए एकमात्र मध्यस्थ (सोल आर्बिट्रेटर) के रूप में अपने वरिष्ठतम अधिकारी की नियुक्ति करेगा। यह अधिकारी इस संविदा से सम्बद्ध नहीं होगा तथा उसका निर्णय अन्तिम होगा।

53. निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को सुरक्षित है।

54. विवाद की स्थिति में विभाग का निर्णय अन्तिम होगा।

55. इस अनुबन्ध का न्याय क्षैत्र "सीकर" होगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर

–: घोषणा :–

उपरोक्त समस्त दरें मैंने/हमने निविदा शर्तों का अच्छी तरह से अध्ययन कर ध्यानपूर्वक भरी हैं। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि रजिस्ट्रार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर का निर्णय हमारे लिये सर्वोपरि होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर विभाग में पंजीकृत है तथा फर्म द्वारा वास्तव में उक्त व्यवसाय किया जाता है तथा कार्यालय द्वारा वांछित कार्मिक उपलब्ध कराने में सक्षम है। केन्द्र सरकार/किसी राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायतशाषी संस्था/निगम आदि के द्वारा हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है।

दिनांक .....

निविदाकार के हस्ताक्षर
मय मोहर एवं डाक व पता

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

अनुलग्नक–"अ"
सत्यनिष्ठा की संहिता

उपापन प्रक्रिया में भाग लेने वाला कोई भी व्यक्ति, –

(क) उपापन प्रक्रिया में अनुचित फायदे के लिए या अन्यथा उपापन प्रक्रिया को प्रभावित करने की एवज
में किसी रिश्वत, इनाम या दान या प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से किसी तात्विक फायदेका कोई प्रस्ताव नहीं करेगा;

(ख) सूचना का ऐसा दुर्व्यपदेशन या लोप नहीं करेगा जो किसी वित्तीय या अन्य फायदा अभिप्राप्त करने
के लिए या किसी बाध्यता से प्रविरत रहने के लिए गुमराह करता हो या गुमराह करने का प्रयास करता हो;

(ग) उपापन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता और प्रगति को बाधित करने के लिए किसी भी दुरभिसंधि,
बोली में कूट मूल्य वृद्धि या प्रतियोगिता विरोधी आचरण में लिप्त नहीं होगा;

(घ) उपापन संस्था और बोली लगाने वालों के बीच साझा की गयी किसी भी जानकारी का उपापन प्रक्रिया में अनुचित लाभ प्राप्त करने के आशय से दुरूपयोग नहीं करेगा;

(ड) उपापन प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किसी भी पक्षकार को या उसकी सम्पति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से क्षति या नुकसान पहुंचाने, ऐसा करने के लिए धमकाने सहित किसी भी प्रपीडन में
लिप्त नहीं होगा;

(च) उपापन प्रक्रिया के किसी भी अन्वेषण या लेखापरीक्षा में बाधा नहीं डालेगा;

(छ) हित का विरोध, यदि कोई हो, प्रकट करेगा;

(ज) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत या किसी अन्य देश में किसी भी संस्था के साथ किसी पूर्व नियमभंग को या किसी अन्य उपापन संस्था द्वारा किसी विवर्जन को प्रकट करेगा; हित का विरोध

हित का विरोध

कोई बोली लगाने वाला किसी उपापन प्रक्रिया में एक या अधिक पक्षकारों के साथ हित के विरोध में माना जायेगा जिसमें निम्नलिखित स्थितियां सम्मिलित हैं किन्तु इन तक सीमित नहीं है यदि,–

(क) उनके समान नियंत्रक भागीदार है;

(ख) वे उनमें से किसी से, कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहायिकी प्राप्त करते हैं या प्राप्त की है;

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

(ग) उनका उस बोली के प्रयोजनों के लिए एक ही विधिक प्रतिनिधि है ;

(घ) उनका प्रत्यक्ष रूप से या समान तृतीय पक्षकारों के मार्फत एक दूसरे के साथ ऐसा संबंध है जो दूसरे की बोली के बारे में सूचना तक पहुंचने या दूसरे की बोली पर प्रभाव डालने की स्थिति रखता हो;

(ङ) कोई बोली लगाने वाला एक ही बोली प्रक्रिया में एक से अधिक बोली में भाग लेता है। तथापि, यह

एक ही उपसंविदाकार को एक से अधिक बोली में सम्मिलित होने से सीमित नहीं करता है जो बोली लगाने वाले के रूप में अन्यथा भाग नहीं लेता है;

(च) बोली लगाने वाले या उससे सहबद्ध किन्हीं व्यक्तियों ने बोली प्रक्रिया के उपापन की विषयवस्तु के

डिजाइन या तकनीकी विनिर्देशों को तैयार करने में सलाहकार के रूप में भाग लिया है। सभी बोली

लगाने वाले अर्हता कसौटी और बोली प्ररूपों में यह विवरण उपलब्ध करायेंगे कि बोली लगाने वाला

उस सलाहकार या किसी भी अन्य संस्था, जिसने उपापन की विषयवस्तु के लिए डिजाईन, विनिर्देश

और अन्य दस्तावेज तैयार किये हैं, के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में न तो संबद्ध है और नहीं संबद्ध रहा है या संविदा के लिए परियोजना प्रबन्धक के रूप में प्रस्तावित किया जा रहा है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

Annexure B : Declaration be the Bidder regarding Qualifications

Declaration by the Bidder (On Non Judicial Stamp Paper worth Rs. 100 duly attested by the Notary Public)

In relation to may/our bid submitted to
procurement of ..... in response to

theirNoticeInvitingBidsNo. Dated
..... I/We hereby declare under Section 7 of Rajasthan Transparencey in Public procurement Act. 2012 , that :

1. I/we possess the necessary professional, technical, financial and managerial resources and competence required by the Bidding Document issued by the Procuring Entity:
2. I/we have fulfilled my/our obligation to pay such of the taxes payable to the Union and the State Government or any local authority as specified in the Bidding Document:
3. 1/we are not insolvent, in receivership, bankrupt or being wound up, not have my/our affairs administered by a court or a judicial *officer,* not have my/our business activities suspended and not the subject of legal proceedings for any of the foregoing reasons;
4. I/we do not have, and our directors and officers not have, been convicted of *any* criminal offence related to my/our professional conduct or the making of false statements of misrepresentations as to my/our qualifications to enter into procurement 'contract within a period of three years preceding the commencement of this procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debarment proceedings;
5. I/we do not have a conflict of interest as specified in the Act Rules and - the Bidding Document, which materially affects fair competitions;

Date :

Place ;

Signature of bidder

Name

Designation;
Address:

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

PDUSU/2020/ Signagture & seal of the firm

Annexure C : Grievance Redressed during Procurement Process

The designation and address the First Appellate Authority.....

The designation and address Of the Second Appellate Authority is .....

(1) Filing an appeal

If any bidder'or prospective bidder is aggrieved that any decision, action Or omission of the sales, Entity is in contravention to the provisions of the Act or the Rules. or *the* Guidelines issued there under, he May file an appeal to First 'Appleant Authority, as specified in the Bidding Document Within a period of ten days form date of such decision or action, omission, as the case may be, clearly giving the specific ground or grounds on which he feels aggrieved;

Provided that after the' declaration of a Bidder as successful the appeal may be filed only by a Bidder who has participated in sales proceedings; after depositing fee as per RTPP Act 2012 and RTPP Rules 2013.

Provided further that in case a procuring Entity evaluates the Technical Bids before the opening of the Financial Bids, an appeal related to the matter of Financial Bids may be filed only by a Bidder whose Technical Bid is found to be acceptable;

(2) The officer to whom an appeal is filed under para (1) shall deal with the appeal as expeditiously as possible and shall Endeavour to dispose it of within days from the date of the appeal,

(3) If the officer designated under para (1) fails to dispose of *the* appeal filed within the period specified in para (2), or if the Bidder of prospective bidder or the Procuring Entity is aggrieved by the order passed by *the* First Appellate Authority, the Bidder or prospective 1. bidder or the Procuring Entity, as the case may be, may file, a second appeal to second Appellate 'Authority specified in the Bidding Document in *this* behalf within fifteen days from the expiry of the period specified in pare (2) or the date of receipt of the order passed by the First Appellate Authority, as the case may be.

(4) Appeal not to lie in certain cases

No appeal shall lie against any decision of the Procuring Entity relating to the following Matters, namely;-

(a) Determination of need of procurement;
(b) Provisions limiting participation of Bidders in Bid process;
(c) The decision of whether or not to enter into negotiations;
(d) Cancellation of a procurement process;
(e) Applicability of the provisions of confidentiality,

(5) Form of Appeal.

(a) An appeal under para (1) or (3) above shall be in the annexed Form, alonowitkas may copies as there are respondents in the appeal.

(b) Every appeal shall be accompanied by an order appealed against, if *any,* affidavit verifying the facts stated in the appeal and proof of payment of fee.

(c) Every appeal may be presented to First Appellate Authority *or* Second Appellate Authority, as the case may be, in person or through registered post or authorized representative.

(6) Fee for filing appeal

(a) Fee for first appeal shall be rupees two thousand five hundred and for second appeal shall be rupees ten thousand, which shall *be* non refundable.

(b) The fee shall be paid in the form of bank demand draft or banker's cheque from Scheduled Bank in India payable in the name of Appellate Authority concerned.

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

PDUSU/2020/ Signagture & seal of the firm

(7) The First Appellate Authority or Second Appellate Authority, as the case may be, upon filing of appeal, shall issue *notice* accompanied by copy of appeal, affidavit and documents, if any, to the respondents and fix *date* of hearing.

(b) On the date fixed for hearing, the First Appellate Authority, or Second Appellate Authority, as the case may be, shall,-

(i) hear all the parties to appeal present before *him i* and

(ii) Peruse or inspect documents, relevant records or copies therof relating to the matter.

(c) After hearing the patties, perusal. or Inspection of documents and relevant records or copies thereof relating to the matter, the Appellate Authority shall pass an order in writing and provide the Copy_Of order to the parties to appeal filed against.

(d) The order issued under sub-clause (c) above shall' also be placed on the Public Procurement Portal.

Appellant Signature

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

PDUSU/2020/ Signagture & seal of the firm

ANNEXURE D : Additional Conditions of Contract

1. Correction of arithmetical errors

Provided that a financial bid is substantially responsive, the Procuring Entity will correct arithmetical errors during evaluation of Financial Bids on the following basis:

I. if there is a discrepancy between the unit price and the total price that is contained by multiplying the unit price and quantity, the unit price shall prevail and the total price shall be corrected, unless in the opinion of the procuring Entity there Is and obvious misplacement of the decimal point in the unit price, in which case the total price as quoted shall govern and the unit price shall be corrected;

ii. if there is an error in a total corresponding to the addition or subtraction of subtotals, the subtotals shall prevail and the Total shall be corrected ; and

iii. if there isa discrepancy between words is related to and arithmetic error, in which case the amount In figures shall prevail subject to (I) and (ii) above.

If the Bidder that submitted the lowest evaluated Bid does not accept the correction of errors, its Bid shall be disqualified and its Bid Security shall be forfeited or its Bid Securing Declaration shall be executed.

Applicant' Signature

Registrar
Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

PDUSU/2020/ Signagture & seal of the firm

Form No. 1

(see83)

Memorandum of appeal under the Rajasthan Transparency In Public Procurement Act, 2012

Appeal No ..... of .....

Before the . .....(First/Second Appellate Authority)

1. Particulars of appellant.;
   (i) Name of the appellant;
   (ii) Residential Address :
2. Name and address of the respondent (s);

   (i)

   (ii)

   (iii)

3. Number and date of the order appealed against and name and designation of the office /authority who passed the order (enclose copy), or a statement of a secision, action or omission of the Procuring Entity in contravention to the provisions of the Act by Will& the appelian; is aggrieved
4. If the appellant proposes to be represented by a representative, the name and postal address

   of the representative;

5. Number of affidavits and documents enclosed with the appeal;
6. Grounds of appeal;

   .....

   .....

   ..... (supported by an affidavit)

7. .....

   .....

   .....

Place .....

Dated .....

Appellant' Signature

Registrar

Pandit Deendayal Upadhyay
Shekhawati University, Sikar

PDUSU/2020/ Signature & seal of the firm